(10)

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जीन्द।

Minutes of Meeting

Memo. No.- 3854

Date - 18/7/24

आज दिनांक 18-07-2024 को सत्र 2024-2025 के दौरान महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में लिए गए निर्णयों का विवरण इस प्रकार है-

1. सत्र 2024-2025 के दौरान प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत व्याख्यानों का आयोजन करवाया जाएगा।

2. प्रकोष्ठ द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा।

3. समाज कल्याण से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राओं व महिला स्टाफ सदस्यों की भागीदारी रहेगी।

4. महिला प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय उत्सवों को महाविद्यालय प्रांगण में मनाया जाएगा।

5. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को महाविद्यालय में धूम-धाम से मनाया जाएगा।

[signature] 18/07/2024
डॉ० पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Seen [signature]

महिला प्रकोष्ठ
सदस्य -
[signature] 18/07/24
[signature] Ravi 18/07/24
[signature] 18/7/24

# ACTIVITY CALANDER OF WOMEN CELL 2024-2025

Memo No.- 3855

Dated- 18/7/24.

| MONTH | NAME OF ACTIVITY |
|---|---|
| July, 2024. | Extension Lecture |
| August 2024. | Teej celebration |
| Sept., 2024. | Various Competition. |
| Oct., 2024. | Workshop |
| Nov., 2024, | Extension Lecture & Diwali celebration. |
| Jan., 2025. | Various competition. |
| Feb., 2025. | Extension Lecture. |
| March, 2025. | International Women's Day celebration. & HOLI celebration. |
| April, 2025. | Extension Lecture |

18/07/2024

Dr. Prem Poonam
Convener
Women cell
Govt. college
JIND.

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जीन्द

# NOTICE

Memo No.- 3852 Date- 18/7/24

राजकीय महाविद्यालय जीन्द के सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत भी एक छोटा सा पुस्तकालय है। जिसमें महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित बहुत सारी पुस्तकें उपलब्ध हैं। इच्छुक स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी चौदह दिन के लिए पुस्तकें ले सकते हैं।

नोट- 1. एक समय में केवल दो पुस्तकें ले सकते हैं।
2. 14 दिन में पुस्तक वापिस जमा करवानी होगी।
3. यदि पुस्तक गुम हो जाती है तो उसकी धनराशि जमा करनी होगी।
4. पुस्तकें लेने का समय शनिवार 12:00 से 1:00 बजे तक रहेगा।

18/07/24
डॉ० पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय जीन्द

यादि क्रमांक 4032 दिनांक 29/7/24

## नोटिस

राजकीय महाविद्यालय जीन्द के महिला प्रकोष्ठ व इको कल्ब के सभी सदस्य को सुचित किया जाता है कि महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 06–07/08–2024 को तीज उत्सव मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के सुचारू रूप से आयोजन हेतु एक बैठक का आयोजन आज दिनांक 29.07.2024 को Computer Science विभाग में प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। आप सभी से अनुरोध है कि बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

29/07/24
PREM PRONAM
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय जीन्द

प्रभारी
इको क्लब
राजकीय महाविद्यालय जीन्द

1. Priti
2. Sharmila
3. Savita
4. Nitu

# प्रेस नोट

दिनांक 06.08.2024 से 07.08.2024 तक राजकीय महाविद्यालय जीन्द में तीज उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। महिला प्रकोष्ठ व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 06.08.2024 को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत से विद्यार्थीयों ने हिस्सा लिया। विजेता विधार्थीयों को पारितोषिक दिया गया। तीज उत्सव पर महाविद्यालय में झूले डलवाये गये और पेड़ों व झूलों को सजाया गया। फूलों की सजावट देखते ही बनती थी। इस अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये जैसे पुरूष स्टाफ सदस्यों ने पतंग प्रतियोगिता का आनन्द उठाया व महिला स्टाफ सदस्यों ने म्यूजिकल चेयर खेल खेला। पूरा महाविद्यालय परिवार झुला झुल कर बड़ा ही आनंदित महसूस कर रहा था। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक ने विद्यार्थीयों को संबोधित करते हुए कहा कि तीज का पर्व हमारी हरियाणा की संस्कति में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है इस पर्व के माध्यम से हमें आपसी भाईचारे और अपनी पुरानी परम्पराओं को पुर्नजीवित करने का एक अच्छा अवसर मिलता है। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा0 प्रेम पूनम ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजकर रखना चाहिए और इसके लिए सबसे अच्छा प्रयास यही हो सकता है कि हम अपने हरियाणवी उत्सवों को धूम–धाम से मनाये ताकि हमारी नई पीढ़ी हमारे रीति- रिवाजों और परम्पराओं से रूबरू हो सके। इको क्लब प्रभारी श्रीमती अंजना धवन ने विद्यार्थीयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाली तीज पर हम सब ये परण लेते हैं कि हम अपने महाविद्यालय परांगण को सदैव हरा–भरा व साफ सुथरा रखेगें। इस अवसर पर पूरा महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।

07/08/2024
PREM POONAM
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ

7/8/2024
Anjana
प्रभारी
इको क्लब

Satyam
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जीन्द

Wo

Scanned with OKEN Scanner

# प्रेस नोट

आज दिनांक 30/09/2024 को राजकीय महाविद्यालय, जींद में कार्यकारी प्राचार्य श्री शमशेर जी की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में "हेल्थ एंड हाइजीन" विषय के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य महोदय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा मिली जानकारी उन्हें भविष्य में सहायता करेगी। डॉ० सविता दूहन ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने स्वास्थ्य व स्वच्छता की बारीकियां से छात्राओं को अवगत करवाते हुए कहा कि स्वस्थ रहना आज के समय में एक बड़ी चुनौती है और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता का होना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सारे आधुनिक उपकरणों के सही इस्तेमाल के बारे में और उनसे जुड़ी भ्रांतियां के बारे में उन्होंने विस्तार से चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर प्रेम पूनम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए छात्राओं का सशक्त होना बहुत जरूरी है और सशक्तिकरण की पहली कड़ी उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी है। जब तक छात्राएं पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं होगी ववे सशक्त कभी नहीं हो सकती। कार्यक्रम में लगभग 135 छात्राओं और सभी महिला स्टाफ सदस्य मौजूद रही।कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में श्रीमती सुमन, सुश्री निशा, डॉ० चंचल, श्रीमती नीतू, डॉ० रीना मलिक की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

30/09/24
डॉ० प्रेम पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Principal
Govt. College Jind

Office of the Principal, Govt. College, Jind.

38(h)
38(9)

## NOTICE

Memo: 5657

Dated: 23/11/24

All the Members of women cell are informed that Today is a meeting regarding discussion of women cell Grant 2024-25 at 12:00PM in women cell office.

So all are requested to attend the same on time.

1 DR PREM POONAM [signature] 23/11/24
2 Mrs Suman (CS) [signature]
3 MS Nisha Bruthi [signature]
4 Mrs POONAM (Geography) [signature]
5 MRS Reena Malik (Geography) [signature]
6 Mrs chanchal (Zoology) [signature]
7. MRS Rachna (Physics) [signature]
8 MRS Reena (Physics) [signature]
9 Mrs Usha (commerce) [signature]
10 DR. Savita (Botany) (On CL)

[signature] 23/11/24
PREM POONAM
Convener
Women Cell
G.C. Jind.

Allowed
[signature]
23/11/24

Scanned with OKEN Scanner

# Office of the Principal, Govt. College, Jind

## Minutes of the Meeting

DATED: 23/11/24

MEMO: 5657-A

दिनांक 23-11-2024 को महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें WOMEN CELL Grant 2024-25 को इस्तेमाल करने पर विचार-विमर्श किया गया और इससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्णय इस प्रकार रहे —

Note: Total Grant = 60000/- (H=40000/-, OC-20000/)

1. विभिन्न विषयों पर Self Defence से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन करवाया जायेगा, जैसे- योग, कराटे, Art & Craft आदि।
2. छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जायेगा। जैसे Best out of waste, मटकी सजाओ प्रतियोगिता आदि।
3. विभिन्न विषयों पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया जायेगा।
4. Music System खरीदा जायेगा। छात्राओं के लिए एक दिवसीय भ्रमण की व्यवस्था की जाएगी।
5. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस महाविद्यालय प्रांगण में मनाया जायेगा।

[signature] 23/11/24
प्रभारी (महिला प्रकोष्ठ)
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Women Cell Members.

1. [signature]
2. [signature]
3. [signature]
4. [signature]
5. [signature]
6. [signature]
7. [signature]
8. [signature]
9. [signature]

[signature]

[signature]
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रेस नोट

आज दिनांक 23.10.2024 को राजकीय महाविद्यालय, जींद में कार्यकारी प्राचार्य श्री शमशेर जी की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ व उधमिता विकास क्लब के संयुक्त तत्वाधान में "एंपावरिंग वूमेन थ्रू नेल आर्ट एंटरप्रेन्योरशिप" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर श्रीमती काजल चौधरी ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को नेल आर्ट की बारिकियों से अवगत करवाते हुए इस कला के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किस प्रकार प्राचीन समय से ही रानी महारानी अपने हाथों पर इस प्रकार की कला के माध्यम से सजावट करवाती थी और आज के युग में इस कला के माध्यम से धन अर्जित किया जा सकता है।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर प्रेम पूनम ने कार्यशाला के आयोजन पर बताया की नेल आर्ट सैलून खोलने के लिए, सही उपकरण और आपूर्ति में निवेश करना ज़रूरी है. इनमें पेडीक्योर कुर्सियां, नेल स्टेशन, सुखाने वाले लैंप, और वेंटिलेशन सिस्टम जैसे उपकरण शामिल हैं.। नेल पॉलिश, जैल, उपकरण, और अन्य आपूर्ति खरीदने के लिए, अपनी सेवाओं के आधार पर सोचना होगा.। कॉस्मेटिक उद्योग सालाना 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है. इस वजह से, देश के छोटे शहरों में भी नेल सैलून और अकादमियां बढ़ रही हैं. नेल आर्ट एक रचनात्मक तरीका है, जिससे नाखूनों को रंगा, सजाया, निखारा, और संवारा जा सकता है. नेल आर्ट के उपचारात्मक लाभ भी हैं. यह लोगों को रोज़मर्रा की भागदौड़ से छुट्टी लेने और अपनी उंगलियों पर एक उत्कृष्ट कृति बनाने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है.

नई शिक्षा नीति 2020 में भी इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि विद्यार्थी केवल डिग्री के लिए ना पढ़ें बल्कि वह पढ़ें अपने आप को सशक्त बनाने के लिए और महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आए दिन इस प्रकार के अवसर मुहैया करवाए जाते हैं। ताकि विद्यार्थी यहां से सीखकर स्वावलंबी बन सकें। उधमिता विकास क्लब प्रभारी श्रीमती यशवंती ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राएं अभिप्रेरित होती हैं और पढ़ाई के साथ-साथ अपनी कला को निखार कर उसके माध्यम से धन अर्जित करने का अवसर भी उन्हें मिलता है। वह स्वतंत्र रूप से अपना कोई काम शुरू कर सकती हैं। सुश्री निशा ने छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और अपने खाली समय का सदुपयोग करते हुए उस समय में अपने हुनर को निखारना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती पूनम, श्रीमती रितु, श्रीमती प्रोमिला, श्रीमती नीतू, व डॉक्टर सविता आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

23/10/24
PREM POONAM
Convener
Women Cell
G.C. Jind.

Satyawan

(49)
48

सेवा में,
प्राचार्य महोदय
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Allowed
Satyam

विषय : महाविद्यालय में लोहड़ी उत्सव के आयोजन हेतु प्रशासनिक अनुमति बारे।

श्रीमान जी,

विनम्र निवेदन यह है कि दिनांक 13|01|2025 को महिला प्रकोष्ठ लोहड़ी उत्सव पर महाविद्यालय प्रांगण में सभी कर्मचारियों व विद्यार्थियों के साथ परम्परागत तरीके त्यौहार मनाना चाहता है। आपसे निवेदन है कि उपरोक्त विषय पर प्रशासनिक अनुमति देने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

11|01|2025
प्रेम प्रूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय जींद

लोहड़ी उत्सव का भव्य आयोजन

दिनांक: 13-01-2025

राजकीय महाविद्यालय जींद में महिला प्रकोष्ठ द्वारा लोहड़ी के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी और छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी के अलाव जलाने से हुई। इसके पश्चात पारंपरिक गिद्दा और भांगड़ा नृत्य ने कार्यक्रम को जीवंत और उल्लासपूर्ण बना दिया। बच्चों और उपस्थित जनों के बीच रेवड़ियां और मूंगफली वितरित की गईं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक ने कहा कि त्योहार हमारे जीवन में खुशी और उत्सव लाते हैं, लेकिन उनका महत्व इससे कहीं अधिक है। ये जीवन में शांति, आध्यात्मिकता और उच्च मूल्यों को बढ़ावा देते हैं, जिससे हम अपने जीवन को बेहतर और उद्देश्यपूर्ण बना सकते हैं।

डॉ. शमशेर सिंह ने लोहड़ी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए राय अब्दुला खान भट्टी उर्फ़ दुल्हा भट्टी की कहानी साझा की, जो कमजोरों और महिलाओं की रक्षा के लिए समर्पित थे।

उप प्राचार्य डॉ. मुनीश ने कहा कि लोहड़ी का त्योहार हमें जातीयता से ऊपर उठकर समभाव और अपनापन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यह त्योहार सामाजिक सद्भाव और सामूहिकता को बढ़ावा देता है।

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. प्रेम पूनम ने सभी के सहयोग और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और लोगों को आपस में जोड़ते हैं।

इस भव्य आयोजन में सभी ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और लोहड़ी पर्व का भरपूर आनंद उठाया।

13/01/2025

प्रेम पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Satyavan

Scanned with OKEN Scanner

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय जींद

# कराटे आर्ट पर आत्मरक्षा कार्यशाला का शुभारंभ

दिनांक: 17-01-25

आज राजकीय महाविद्यालय जींद में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कराटे आर्ट से आत्मरक्षा विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला का उद्‌घाटन मुख्य प्रशिक्षक, ब्लैक बेल्ट धारक सुश्री सिमरन, ने किया। उन्होंने छात्राओं को कराटे की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।

सुश्री सिमरन ने छात्राओं को पंच, ओपन हैंड पंच, फ्रंट किक, ब्लॉक ऑफ ओपन हैंड पंचेज आदि तकनीकों का विस्तार से अभ्यास करवाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि शरीर के कमज़ोर हिस्सों को हमले से कैसे बचाया जाए और आत्मरक्षा के लिए विरोधी पर प्रभावी हमला कैसे किया जा सकता है।

इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनना चाहिए और किसी अन्य के सहारे की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रेम ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास सबसे बड़ा हथियार है। आत्मरक्षा के विशेष प्रशिक्षण से प्रत्येक छात्रा को सशक्त बनाया जा सकता है, ताकि वे किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकें।

कार्यशाला के सफल आयोजन में महिला प्रकोष्ठ की पूरी टीम ने विशेष सहयोग दिया।

17/01/25
प्रेम पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द

79

77

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय जींद

योग एवं मेडिटेशन विषय पर कार्यशाला

दिनांक : 21-01-25

राजकीय महाविद्यालय जींद में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में योग एवं ध्यान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यवाहक प्राचार्य श्री शमशेर जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गोमती ने भाग लिया। उन्होंने योग एवं ध्यान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने हठ योग, राज योग, कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग, तंत्र योग आदि के बारे में बताया तथा इसके साथ ही एक छात्रा ने गरुड़ासन, शीर्षासन, ताड़ासन आदि अनेक योग आसनों का अभ्यास भी करके दिखाया। महाविद्यालय की छात्रा द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी 12 प्रकार की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई।

छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. शमशेर जी ने कहा कि योग एवं ज्ञान का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, वहीं उप प्राचार्य श्री मुनेश जी ने योग के बारे में बताते हुए कहा कि आजकल की व्यस्त दिनचर्या के चलते स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रेम पूनम ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ज्ञान को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों ही अच्छे हैं। योग करने से शरीर मजबूत होता है और ध्यान करने से मन शांत रहता है। सभी छात्राओं ने इस तरह के आयोजन के लिए महिला प्रकोष्ठ की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

21/01/25
प्रेम पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय, जीन्द

Scanned with OKEN Scanner


# छात्राओं ने किया सूरजकुंड मेले का भ्रमण

## भ्रमण में 50 छात्राओं के साथ 8 प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं शामिल थीं

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। राजकीय महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला के भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में 50 छात्राओं का चयन किया गया, इनके साथ आठ प्राध्यापक व प्राध्यापिकाएं भी शामिल थी।

प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से छात्राओं के टूर से संबंधित कोई अनुदान नहीं मिला था। इसके कारण इस प्रकार की गतिविधियां सीमित रहीं। इस वर्ष छात्राओं को यह अवसर मिला है, जिससे वे अत्यंत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्राएं विभिन्न संस्कृतियों, कला शैलियों और परंपराओं को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त करती हैं। उप-प्राचार्य मनीष ने भी भ्रमण में छात्राओं के साथ सहभागिता की।



सूरजकुंड मेले के लिए रवाना होते हुए कॉलेज स्टाफ व छात्राएं। स्रोत : शिक्षा विभाग

उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, डॉ. पूनम ने कहा कि छात्राएं कई दिनों से इस भ्रमण को लेकर उत्साहित हैं। सूरजकुंड मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह देश की विभिन्न हस्तकलाओं, पारंपरिक शिल्प और सांस्कृतिक विविधताओं को जानने-समझने का भी अवसर प्रदान करता है। छात्राओं ने बताया कि यह भ्रमण उनके लिए एक नया और रोचक अनुभव रहा। उन्होंने विभिन्न राज्यों की ओर से प्रदर्शित हस्तकला के अद्भुत नमूने देखे और भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता की जीवंत तस्वीर को करीब से महसूस किया।

(14) (12) ९२ ९५

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जीन्द । 

Allowed
Satyam
01/3/25

## नोटिस

यादि क्रमांक: 927

दिनांक: 1/3/25

राजकीय महाविद्यालय, जीन्द की सभी छात्राओं व सभी महिला स्टॉफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि चौ० रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे-(Rangoli, Cooking Without fire, Lemon and Race, Ethnic Fashion Show and Debate Competition) करवायी जाएगी। जो छात्राएं इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहती हैं वे अपनी सहमति आज दिनांक 01/03/2025 को दोपहर 2:00 बजे तक डॉ चंचल शर्मा और डॉ रीना मलिक के पास आकर दें।

NOTE: VENUE C.R.S.U. JIND

Time 9:30 AM.

Date 05/03/25 to 07/03/25

01/03/25

प्रेमपूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय
जीन्द।

Scanned with OKEN Scanner

130

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, जीन्द।

यादि क्रमांकः– 987 दिनांकः– 3/03/2025

सेवा में
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
चौ0 रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जीन्द।

विषयः– 5 मार्च 2025 के कार्यक्रम हेतु छात्राओं की सूची।

उपरोक्त के संदर्भ में महाविद्यालय की 40 छात्राएं कार्यक्रम में भाग लेगीं, जिनकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न है–

03/03/25
प्रेम पूनम
प्रभारी
महिला प्रकोष्ठ
राजकीय महाविद्यालय जीन्द

3/3/25
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, जीन्द।

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

# छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

- राजकीय महाविद्यालय में कराटे आर्ट पर आत्मरक्षा कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शुक्रवार को कराटे आर्ट से आत्मरक्षा विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट धारक सिमरन ने किया। उन्होंने छात्राओं को कराटे की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। सिमरन ने छात्राओं को पंच, ओपन हैंड पंच, फ्रंट किक, ब्लॉक ऑफ ओपन हैंड पंचेज आदि तकनीकों का विस्तार से अभ्यास करवाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि शरीर के कमजोर हिस्सों को हमले से कैसे बचाया जाए और आत्मरक्षा के लिए विरोधी पर प्रभावी हमला कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनना चाहिए और किसी अन्य के सहारे की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।



जींद। आत्मरक्षा के गुर सीखते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

दैनिक सवेरा टाइम्स



# आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हमारे व्यक्तित्व को मजबूत बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक : प्राचार्य




कार्यशाला में प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों के साथ मौजूद छात्राएं।

**सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद, 18 जनवरी :** राजकीय महाविद्यालय जींद में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण केवल शारीरिक नहीं, बल्कि आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और संवेगात्मक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हमारे व्यक्तित्व को मजबूत बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक है। प्राचार्य ने छात्राओं को पौष्टिक भोजन और नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक सिमरन ने छात्राओं को छेड़खानी जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी और सरल आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को इन तकनीकों को व्यवहार में लाने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया।डॉ. प्रेम पूनम ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कार्यशाला में सीखी गई तकनीकों को दैनिक जीवन में अपनाने से इनका वास्तविक लाभ मिल सकता है। उन्होंने ऐसी कार्यशालाओं की सार्थकता पर जोर दिया और छात्राओं से आत्मनिर्भरता के इस मार्ग पर आगे बढ़ने का आग्रह किया। महिला प्रकोष्ठ की टीम ने कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने इस उपयोगी पहल के लिए महाविद्यालय प्रशासन और महिला प्रकोष्ठ का आभार व्यक्त किया।

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner